## महत्वपूर्ण एवं खास



### मोटर साइकिल चालक डिवाइडर से जा टकराया, बाइक चालक के सिर और पैर में आई चोट

महासमुंद। पिथौरा में गुरूवार की सुबह 10 बजे के आस-पास पोटापरा के पास मोटर साइकिल चालक डिवाइडर से जा टकराया, जिससे उनके सिर और पैर में काफी चोट आई है और उसकी हालत गम्भीर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना आज सुबह दस बजे के आस पास की चांदापारा गड़बेडा निवासी धनेश्वर ध्रुव अपने घर से पिथौरा की ओर जा रहा था। तभी ह॥53 पोटा पारा के पास डिवाइडर में जा टकराया जिससे उनके सिर व पैर में काफी चोटे आई है जिनको टोल प्लाजा के एम्बुलेंश से पिथोरा उपस्वास्थ्य केंद्र लेजाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है और डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत गम्भीर बताया जा रहा है।

### घासीदास जयंती 18 को मांस-मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी रायपुर निगम क्षेत्र के



समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को शतप्रतिशत रूप से संत तारण तरण जयंती पर्व दिनांक 14 दिसम्बर एवं गुरू घासीदास जयंती 18 दिसम्बर 2018 के पावन अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश का उल्लंधन करने पर नगर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल मांस- मटन जप्त करके संबंधित दुकानदार व व्यक्ति के खिलाफनियमानुसार कडी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### तीसरे गुरुवार को घर-घर हुई लक्ष्मी पूजा



रायपुर (आरएनएस)। अगहन मास के तीसरे गुरुवार को शहर में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही घरों के प्रवेश द्वारों पर माता लक्ष्मी के चरण चिन्ह बनाकर रोली हल्दी चावल व फूल अर्पित कर मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा की। महिलाओं ने परिवार की सुख समृद्धि के लिए नए धान की लाई एवं अन्य सामाग्रियों के साथ यथा चावल का बबरा, खीर, चौसेला, गुलगुला आदि का भोग लगाकर मां लक्ष्मी की श्रद्धापूर्वक पूजा की।

### 10 लाख का ऋण दिलाने के नाम पर लगभग 2 लाख की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। दस लाख रूपये का ऋण दिलाने के




नाम पर एक व्यक्ति से लगभग दो लाख रूपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मुजगहन थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जागेश कुमार साहु पिता रेखराम साहु 32 वर्ष सेक्टर 11/ए कमल विहार डुण्डा मुजगहन रायपुर का निवासी है। प्रार्थी के अनुसार सेजबहार में आरोपी मोबाइल 9599406715 का धारक दिलीप नामक व्यक्ति ने एक अखबार में 23 नवंबर को गणपति फाइनेंस द्वारा आधार कार्ड एवं मार्कशीट पर 10 लाख रूपये का ऋण दिलाने का विज्ञापन दिया गया था। इस विज्ञापन को देखकर प्रार्थी जागेश ने आरोपी से जब संपर्क किया तो उसने 10 लाख रूपये ऋण दिलाने के लिए उससे प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर अलग-अलग किश्तों में एसबीआई और बैंक आफ इंडिया के खातों में एक लाख 93 हजार 215 रूपये जमा कराया गया, लेकिन इसके उक्त रकम जमा कराने के बाद भी आरोपी द्वारा उसे ऋण नहीं दिलाकर उसके साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ 420 का प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है।

### नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर (आरएनएस)। डॉयल 112 की टीम को 10 दिसंबर की रात सूचना मिली कि मस्तूरी क्षेत्र के गांव की नाबालिग से एक युवक छेड़खानी कर रहा है। परिजन ने रात में आरोपित को पकड़ लिया था। टीम पहुंची और उसे पकड़कर मस्तूरी पुलिस को सौंप दिया। बाद में पीड़ित किशोरी अपने परिजन के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंची। उसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपित विमल भारद्वाज पिता बालचंद भारद्वाज के खिलाफधारा 354 व 8 पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# शासकीय विभागों में चर्चा आम कितने अफसरों पर गिरेगी गाज

## अब तक एकाधिकार चलाने वाले अफसरों में हड़कंप



रायपुर (आरएनएस)। राज्य की भाजपा सरकार के समय से जमे अधिकारियों और एकाधिकार चलाने वाले अधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में दर्जनभर से अधिक शासकीय अफसर अपनी कुर्सियां खतरे में देख रहे हैं।

राज्य के शासकीय विभागों में इन दिनों यह चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा के शासनकाल में जिन अफसरों ने एकतरफा काम किया, अपनी जिम्मेदारियों से बचते रहे और भाजपा के एजेंटों के रूप में काम करते रहे, अब उन पर कार्यवाही होना तय माना जा रहा है। राज्य में विधानसभा चुनाव के ठीक पूर्व भी प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने राज्य के ऐसे चुनिंदा अफसरों को आगाह किया था कि वे अपनी हरकतों से बाज आ जाएं और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, अन्यथा कांग्रेस की सरकार बनते ही ऐसे अफसरों पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। पीसीसी प्रमुख भूपेश बघेल ने भी एक बयान में यह कहा था कि राज्य में गिने-चुने अफसर जो कि उच्च पदों पर आसीन हैं, भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। ऐसे अफसरों को सचेत हो जाना चाहिए और विधि सम्मत कार्य करना चाहिए।

लेकिन कांग्रेस नेताओं के इन बयानों का ऐसे अफसरों पर कोई असर नहीं हुआ और चुनाव के पूर्व तक वे अपना एकाधिकार चलाते रहे। अब उनके महकमे में यह बात तेजी से फैल गई है कि कांग्रेस की सरकार बनते ही उन अफसरों पर गाज गिरना तय है। हालांकि कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा था कि राज्य में ईमानदार अफसरों की कमी नहीं है, केवल कुछ चुनिंदा अफसर ही भाजपा एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं।

ऐसे में ईमानदार अफसरों को डरने की जरूरत ही नहीं है, वे जिस तरह से आज तक ईमानदारी से अपना काम कर रहे हैं, आगे भी करते रहेंगे लेकिन अधिकांश शासकीय कार्यालयों में पदस्थ कर्मचारियों के बीच चर्चा का प्रमुख विषय यही है कि कांग्रेस सरकार की गाज किन-किन अफसरों पर गिरनी तय है। दूसरी ओर पीसीसी प्रमुख ने यहां तक कहा है कि कांग्रेस की सरकार बदले की भावना से काम नहीं करेगी, जो भी दोषी होंगे उन पर विधि सम्मत कार्यवाही होनी तय है।

### कलेक्टर के ड्राइवर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

सुकमा (आरएनएस)। जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल सुकमा कलेक्टर के ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक वाहन चालक का नाम कमल राम बघेल बताया जा रहा है।

मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह छह बजे ड्यूटी पर जाने वाला था। उसने तड़के लगभग चार बजे फांसी लगाई। घर में उस वक्त उसकी पत्नी और बच्चे सो रहे थे. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नई सरकार के इंतजार में निगम ने रोकी तोड़फोड़ की कार्रवाई

बिलासपुर (आरएनएस)। विधानसभा चुनाव में इस बार मौजूदा सरकार की सत्ता चली गई है। इसका असर अब सरकारी कामकाज पर भी पड़ रहा है। पिछली सरकार की प्राथमिकता वाली योजना को अधिकारियों ने किनारे करना शुरू कर दिया है। शहर में पहला स्मार्ट रोड बनाने के लिए मिट्टीतेल लाइन में धार्मिक स्थल हटाना है। सरकार बदल देने से निगम और जिला




प्रशासन ने इस कार्रवाई को फिलहाल पेंडिग कर दिया है।

सरकार के कामकाज शुरू करने के बाद उन्हें विश्वास में लेकर यहां कार्रवाई होगी। तब तक के लिए सड़क निर्माण यहां पेंडिग रहेगा। निगम प्रशासन ने मिट्टी तेल लाइन में 70 मकानों को तोड़कर चौड़े सड़क के लिए जगह बनाया है। इसके दोनों ओर डक्ट बनाने का काम अंतिम चरण में है। साथ ही यहां सड़क का काम भी शुरू करने की तैयारी थी। रास्ते में दो धार्मिक स्थल हैं, जिन्हें चुनाव के तत्काल बाद हटाने की तैयारी थी। इसके लिए जिला प्रशासन ने निगम को एनओसी भी दे दी थी, लेकिन अचानक से यहां कार्रवाई रुक गई है। अब अधिकारी सीधे तोड़फोड़ करने के बजाए नई सरकार का रुख भी देख रहे हैं। वे अब की बार सरकार के हिसाब से कार्रवाई करने के मुड में हैं। हालांकि यहां सड़क अधूरी बनी हुई है। इसके चलते लोगों को खासी परेशानी हो रही है। यहां धार्मिक स्थल हटाकर सड़क निर्माण करना ही एकमात्र विकल्प है।

### राघवन की फिल्म में फिर काम करेंगे वरूण धवन

बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन एक बार फिर निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। श्रीराम राघवान ने तीन साल पहले



वरूण धवन को लेकर बदलापुर बनायी थी। बदलापुर में वरुण धवन का अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, राधिका आप्टे और हुमा कुरैशी ने काम किया था। इस फिल्म के जरिये वरुण ने अपनी डांस और कॉमेडी वाली इमेज को बदल दिया।

श्रीराम राघवन और वरुण धवन के बार फिर एक नए थ्रिलर को लेकर काम शुरू करने जा रहे हैं। यह फिल्म बदलापुर की सीचल नहीं होगी। फिल्म को दिनेश विजन प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की कहानी पहले भाग से आगे नहीं बढ़ेगी बल्कि ये एक नई फिल्म होगी, जिसका नाम अभी तय नहीं किया गया है। फिल्म के शुरू होने की घोषणा भी अगले साल ही की जायेगी।

## दो महिला नक्सली पकड़ाई

सुकमा (आरएनएस)। चिंतलनार पुलिस ने एरिया डोमिनेशन के दौरान लच्छीपारा की घेराबंदी कर दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई



महिला नक्सली मड़कम गंगी व माड़वी हिड़मे चिंतलनार थाना क्षेत्र के तोंगगुड़ा के एर्रापारा की निवासी हैं। माओवादी संगठन में मिलिशिया सदस्य के रुप में सक्रिय थी। पुलिस के मुताबिक अप्रैल 2018 को मल्लेवागू नाला के पास चिंतलनार निवासी रोहित सिंह के साथ मारपीट कर दुपहिया वाहन लूटने की नक्सली वारदात में शामिल थीं।

## सीबीआई ने किया शिक्षक को गिरफ्तार

हरिद्वार (आरएनएस)। सीबीआइ की टीम ने ज्वालापुर के शिक्षक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि उन्हें एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है।

सीबीआइ की टीम गैर जमानती वारंट लेकर ज्वालापुर के मोहल्ला नील खुदाना स्थित म्यूनिसपल इंटर कॉलेज पहुंची। इस तरह अचानक सीबीआइ की टीम के आने से वहां हड़कंप मच गया।



टीम ने शिक्षक रविंद्र कुमार राठी के बारे में जानकारी जुटाई और उन्हें गिरफ्तार कर ले जाने लगी। इस पर स्कूल के बाकी शिक्षकों ने सीबीआइ टीम से इस बारे में पूछा, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं दिया। वहीं, ज्वालापुर कोतवाल चंद्रभान सिंह ने बताया कि शिक्षक रविंद्र कुमार राठी के खिलाफ सीबीआइ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी हुए थे। जिन्हें तामील कराने के लिए सीबीआइ की टीम दिल्ली से हरिद्वार पहुंची है। शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि उन्होंने मुकदमे की जानकारी होने से इनकार किया है।

### मर्दानी-2 में नजर आएंगी रानी मुखर्जी

अभिनेत्री रानी मुखर्जी फिल्म मर्दानी की सीरीज में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि फिल्म का पहला भाग उनके दिल के बहुत करीब है और उनके लिए मर्दानी 2 की शूटिंग शुरू होने का इंतजार करना मुश्किल हो रहा है। रानी आखिरी बार फिल्म हिचकी में नजर आई थीं।



रानी ने एक बयान में कहा, मर्दानी 2 हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। फिल्म की रिलीज के बाद हर कोई मुझसे बार-बार पूछता था कि मैं मर्दानी 2 कब करूंगी और मुझे यकीन है कि यह घोषणा उन सभी को चकित कर देगी। गोपी ने एक असाधारण पटकथा लिखी है जो हम सभी को काफी पसंद है और मेरे लिए फिल्म की शूटिंग शुरू होने का इंतजार करना मुश्किल हो रहा है।

# 5 लाख की अवैध सागोन लकड़ी पकड़ायी, तस्कर फरार

बीजापुर (आरएनएस)। बीजापुर में फिर से अवैध सागौन के लट्ठों की धरपकड़ हुई है। तस्करों द्वारा पार की जा रही लकड़ियों को एक बार फिर वन विभाग के अमले ने पकड़ा है, लेकिन इस बार भी तस्करों को पकड़ने में वन अमले को कोई कामयाबी नहीं मिल सकी है। केवल लकड़ी पकड़ने और तस्करों के हर बार फरार होने को लेकर सवाल खड़े



होते दिखने लगे हैं।

बताया जाता है कि जब मुखबिर से लकड़ी तस्करी की खबर मिलती है तो वन अमला बिना किसी तैयारी के निकल पड़ता है। यहां तस्करी की खबर पर पुलिस की मदद न लिए जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

सागौन के लट्ठों की तस्करी इस बात की पुष्टि करती है कि यहां बड़े पैमाने पर सागौन के पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई चल रही है। वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगती और तस्कर इन पेड़ों को लट्ठों में तब्दील कर इन्हें नदी में बहाकर तेलंगाना और महाराष्ट्र तक आसानी से भेज भी देते हैं। पिछले एक महीने से वन अमले की सक्रियता से यहां हालांकि करीब 120 से ज्यादा लट्ठे बरामद किए हैं, लेकिन रेंज अफसर कोटेश्वर राव चापड़ी के मुताबिक उनके निहत्थे होने के कारण वे तस्करों का सामना नहीं कर सकते।

## ठंड के मौसम में ऐसे रखें सेहत का ख्याल

सर्दियों में हर किसी के लिए अपनी सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। कुछ खास सावधानियां बरतकर और चिकित्सक की सलाह पर अमल कर ही तंदुरुस्त रहा जा सकता है।



1. अपने ब्लड शुगर और कॉलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण रखें। इस समय नमक का सेवन कम मात्रा में करें, क्योंकि ज्यादा नमक से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

2. खाने-पीने की आदतें साबुत अनाज, दलिया आदि दिल की सेहत के लिए अच्छे हैं और वजन कम करने में भी मदद करते हैं। तले हुए तथा सैचुरेटेड खाद्य पदार्थो का सेवन न करें। फलों और सब्जियों का सेवन भरपूर मात्रा में करें। इनमें मौजूद विटामिन और मिनरल्स इस मौसम में बीमारियों से लड़ने के लिए बहुत फायदेमंद हैं।

3. पानी पीने की आदत सर्दियों में पानी का सेवन ज्यादा मात्रा में करें। हर्बल-टी पीने से एलडीएल कॉलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का स्तर कम होता है।


4. अपने वजन पर नियंत्रण रखें, फिट रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें। सैर करें, यह अच्छा व्यायाम है। साथ ही चलने से शरीर में गर्मी आती है। दिन में 6-8 घंटे की नींद लें। रोज कम से कम 15 मिनट चलें, इससे खून का दौरा बढ़ता है।

5. दिल की बीमारियों से बचने के लिए धूम्रपान और शराब का सेवन न करें।

6. अपने आपको गर्म कपड़ों से कवर करके रखें, खासतौर पर पैर, सिर और कानों को ढक कर रखें।

## अब इंसानों के शरीर में धड़केगा जानवरों का दिल

इसे विज्ञान का चमत्कार कहें या इंसान की काबलियत। यह सच है कि अब वह दिन दूर नहीं जब पशुओं के अंगों को इंसानों के शरीर में प्रत्यारोपित किया जा सकेगा। यानी अब प्रत्यारोपण के लिए अंग पाने के लिए लोगों को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जर्मनी के वैज्ञानिकों ने पूरे मेडिकल व विज्ञान जगत को अपने नए प्रयोग से हैरानी में डाल दिया है। इन्होंने एक बैबून के शरीर में सफलतापूर्वक सुअर का दिल लगाने में कामयाबी हासिल की है। सुअर का दिल लगने के बाद यह बैबून 6 महीने से ज्यादा समय तक जीवित रहा। वैज्ञानिकों ने इसे मील का पत्थर बताया है। एक पशु के स्वस्थ दिल को दूसरी प्रजाति के शरीर में प्रत्यारोपित करने की प्रक्रिया को 'एक्सेना ट्रांस्प्लांटेशन' कहा जाता है।



'नेचर जर्नल' में प्रकाशित इस अध्ययन में माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया से भविष्य में इंसानों को भी नया जीवन दिया जा सकेगा। प्रत्यारोपण के लिए सुअरों के जीन में बदलाव किया गया ताकि दूसरी प्रजाति के प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को दबाया जा सके। जर्मन हर्ट सेंटर बर्लिन के डॉक्टर क्रिस्टोफ नोसाला का कहना है कि 2030 तक अमेरिका में दिल का दौरा पड़ने के मामले 80 लाख तक पहुंच सकता है। वैज्ञानिकों की मानें तो जीन में बदलाव वाला सुअर इस समस्या का समाधान हो सकता है।

### भंसाली के साथ कोई फिल्म नहीं कर रही हैं अनुष्का शर्मा

बीते दिनों ऐक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के संजय लीला भंसाली के साथ फिल्म करने की खबर वायरल हो रही थी। एक एंटरटेनमेंट वेबसाइट द्वारा इस खबर के छापे जाने के बाद फैन्स अनुष्का को भंसाली की फिल्म में देखने के लिए एक्साइटेड थे लेकिन अब



अनुष्का ने इस खबर का खंडन कर दिया है।

खबर थी कि अनुष्का भंसाली की एक फिल्म में सलमान खान के ऑपोजिट नजर आएंगी। इससे पहले फिल्म सुल्तान में अनुष्का और सलमान की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली थी। इसलिए फैन्स इस खबर को लेकर खासा उत्साहित थे।